# Daily Current Affairs- 11/12/20

## 1. 9 राज्यों ने 'वन नेशन वन राशन कार्ड' प्रणाली के कार्यान्वयन को सफलतापूर्वक पूरा किया




- वित्त मंत्रालय ने बताया कि 9 राज्यों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) में सुधारों को पूरा कर लिया है और 'वन नेशन वन राशन कार्ड' प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू कर दिया है।
- ये 9 राज्य हैं गोवा, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और गुजरात।
- **नोट:** इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं, विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों और उनके परिवारों के तहत लाभार्थियों को देश भर में किसी भी उचित मूल्य की दुकान (FPS) से राशन प्राप्त हो।

## 2. NHSRCL ने दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के भू-सर्वेक्षण के लिए हवाई LiDAR सर्वेक्षण तकनीक अपनाई

- नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) प्रस्तावित दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के उद्देश्य से लाइट डिटेक्शन और रेंजिंग सर्वेक्षण (LiDAR) तकनीक का उपयोग करने जा रहा है। इसमें हेलीकॉप्टर में रखे लेसर उपकरण के माध्यम से जमीन का सर्वेक्षण किया जाएगा।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- **नोट:** भारत में पहली बार किसी रेलवे परियोजना के लिए LiDAR सर्वेक्षण तकनीक को मूल रूप से इसकी उच्च शुद्धता के कारण मुम्बई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर में अपनाया गया। हवाई LiDAR का उपयोग कर मुम्बई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए जमीन का सर्वेक्षण केवल 12 सप्ताह में पूरा कर लिया गया जबकि परम्परागत सर्वेक्षण पद्धति से इसमें 10-12 महीने का समय लगता।

## 3. जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स) CCPI- 2021

**Climate Change Performance Index – Rating table**

| Rank | | Country | Score** | Categories |
|---|---|---|---|---|
| 1.* | – | – | – | |
| 2. | – | – | – | |
| 3. | – | – | – | |
| 4. | – | Sweden | 74.42 | |
| 5. | ▲ | United Kingdom | 69.66 | |
| 6. | ▼ | Denmark | 69.42 | |
| 7. | ▼ | Morocco | 67.59 | |
| 8. | ▲ | Norway | 65.45 | |
| 9. | ▲ | Chile | 64.05 | |
| 10. | ▼ | India | 63.98 | |
| 11. | ▼ | Finland | 62.63 | |
| 12. | ▲ | Malta | 62.21 | |
| 13. | ▲ | Latvia | 61.88 | |
| 14. | ▲ | Switzerland | 60.85 | |
| 15. | ▼ | Lithuania | 58.03 | |

- रैंक 1-3 किसी ने भी हासिल नहीं की
- रैंक 4 – स्वीडन
- रैंक 5 – यूनाइटेड किंगडम
- **रैंक 10 – भारत**
- चीन 33 वें, अमेरिका 61 वें और रूस 52 वें स्थान पर है।

- **नोट:** CCPI 57 देशों और यूरोपीय संघ के प्रदर्शन का आकलन करने के बाद तैयार किया गया है। ये 57 देश और यूरोपीय संघ वैश्विक GHG उत्सर्जन के लगभग 90 प्रतिशत के लिए सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं।

- **क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स** नॉट-फॉर-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन जर्मनवाच और न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट (जर्मनी) द्वारा क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क (CAN इंटरनेशनल) के साथ मिलकर विकसित किया गया है।

## 4. पार्थिव पटेल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW



- विकेटकीपर-बल्लेबाज पटेल ने 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टूर टेस्ट श्रृंखला में 17 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- उन्होंने आखिरी बार 2018 में जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान भारतीय जर्सी पहनी थी।

**5. ICAR (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) ने अंतरराष्ट्रीय राजा भूमिबोल विश्व मृदा दिवस पुरस्कार 2020 जीता**

- इसकी घोषणा विश्व मृदा दिवस (5 दिसंबर 2020) पर FAO (खाद्य और कृषि संगठन) द्वारा एक आभासी कार्यक्रम पर की गई थी।
- **नोट: ICAR** भारत में और साथ ही दुनिया में कृषि अनुसंधान और शिक्षा के समन्वय, मार्गदर्शन और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार संगठन है।




Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

**6. मोंडो *डुप्लांटिस* और युलिमार रोजास ने '2020 वर्ल्ड एथलीट ऑफ़ द ईयर' का खिताब जीता**




- स्वीडिश पोल वाल्टर मोंडो डुप्लांटिस और वेनेजुएला की ट्रिपल जंपर युलिमार रोजास वर्ष 2020 के पुरुष और महिला वर्ल्ड एथलीट ऑफ़ द ईयर हैं।
- वे वर्चुअल वर्ल्ड एथलेटिक्स अवार्ड्स के दौरान घोषित किए गए प्रतिष्ठित एथलेटिक्स पुरस्कार के अपने देशों के पहले प्राप्तकर्ता हैं।

**7. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने भारतीय मूल के अनिल सोनी को WHO फाउंडेशन का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO) नियुक्त किया**



gradeup

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- WHO के महानिदेशक अदानोम घेब्रेयेसिस ने श्री सोनी को वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रमाणित अनुसंधाता बताया है, जिन्होंने HIV/AIDS और अन्य संचारी रोगों से पीड़ित समुदायों की सेवा में दो दशक से अधिक समय दिया है।

- **नोट: WHO फाउंडेशन**, एक स्वतंत्र अनुदान बनाने वाली एजेंसी जिसका मुख्यालय जिनेवा में है, मई 2020 में WHO और वैश्विक स्वास्थ्य समुदाय के साथ मिलकर काम करने के लिए शुरू किया गया था।

**8. हिंदी के प्रसिद्ध कवि और पत्रकार मंगलेश डबराल का 72 की आयु में निधन**



- डबराल को उनके कविता संग्रह 'हम जो देखते हैं' के लिए 2000 में साहित्य एकेडमी अवार्ड से सम्मानित किया गया था।
- उन्होंने जनसत्ता और प्रतिपक्ष सहित कई अखबारों के साथ काम किया था।

**9. 11 दिसंबर, UNICEF (यूनिसेफ) दिवस 2020**




- UNICEF 190 देशों और क्षेत्रों में काम करता है, जिसका उद्देश्य बच्चों के जीवन को बचाने, उनके अधिकारों की रक्षा करना और किशोरावस्था के दौरान बचपन से ही उनकी क्षमता को पूरा करने में मदद करना है।

- **नोट:** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने **UNICEF** (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) 11 दिसंबर, 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष के रूप में बनाया।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- संगठन को मूल रूप से संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष का नाम दिया गया था। हालांकि, 1953 में, यह संयुक्त राष्ट्र की एक स्थायी एजेंसी बन गई, और 'इंटरनेशनल' और 'इमरजेंसी' शब्दों को आधिकारिक नाम से हटा दिया गया, लेकिन संक्षिप्त रूप (UNICEF) जारी रहा।

gradeup

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series ENROL NOW